प्रेस नोट

दिनांक 10.10.2024

शारदीय नवदुर्गा एवं दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत श्रीमान आयुक्त मण्डल बांदा व श्रीमान DIG चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के द्वारा कस्बा मौदहा में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 10.10.24 को श्री श्रीमान आयुक्त मण्डल बांदा व श्रीमान DIG चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के द्वारा शारदीय नवदुर्गा और दशहरा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना मौदहा पुलिस बल के साथ कस्बा मौदहा में पैदल गस्त कर प्रमुख नवदुर्गा पंडालों, कार्यक्रम स्थलों, और अन्य सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया, जहां त्यौहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होने की संभावना है।

सभी पंडालों और कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने, ताकि भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने। प्रमुख मार्गों और पार्किंग स्थलों पर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष ध्यान दिया जाने। विशेष पुलिस बलों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त करने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

आयोजकों से अपील किया गया कि वे सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करें साथ ही शान्ति व सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस का सहयोग करें। स्थानीय नागरिकों और पंडाल आयोजकों से संवाद कर उन्हें पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों और सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया।

उच्चाधिकारियों ने सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को सतर्क रहने और प्रत्येक स्थिति में शांति बनाए रखने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। किसी भी अप्रिय घटना या अफवाह को फैलने से रोकने के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ाई गई। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ते तैनात किए गए और संवेदनशील क्षेत्रों में महिला पुलिस की तैनाती की गई। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों / दुकानदारों से वार्ता कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर, पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य संबंधी अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।